महत्वपूर्ण एवं खास

ट्रक की ठोकर से बाइक सवार युवक की मौत

रायपुर (आरएनएस)। रिंग रोड नंबर 2 स्थित प्रिंस ढाबा के सामने ट्रक की ठोकर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। वहीं दूसरा युवक घायल है, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। मामले में गुढियारी पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक विकाश नागेन्द्र 30 वर्ष उरला का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह अपने दोस्त स्वरूपदास के साथ बाइक से जा रहा था, तभी रिंग रोड नंबर 2 स्थित प्रिंस ढाबा के पास ट्रक क्रमांक सीजी 04 एचटी 9107 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे विकाश की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उसका दोस्त स्वरूपदास को घायल अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले में पुलिस ने ट्रक जब्त कर चालक को हिरासत में लिया है।

कार की टक्कर से महिला की मौत

रायपुर (आरएनएस)। रायपुरा स्थित किया शोरूम के पास अज्ञात कार चालक ने रोड पार कर रही महिला को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतिका प्रतिमा प्रमाणिक 44 वर्ष भारतमाता स्कूल के पीछे टाटीबंध की रहने वाली है। बताया जाता है कि प्रतिमा रायपुरा स्थित किया शोरूम के बाहर रोड पार कर रही थी, तभी अज्ञात कार चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए प्रतिमा को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

दो बाइक आपस में टकराई, एक की मौत

रायपुर (आरएनएस)। तिल्दा के सांई धाम मोड़ के पास दो बाइक आपस में भिड़ गई। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने दूसरे बाइक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी भूपेन्द्र निषाद 19 वर्ष अपने दोस्त मृतक सुभाष वर्मा 35 वर्ष के साथ बाइक से कहीं जा रहा था, तभी सांई धाम मोड़ के पास बाइक क्रमांक सीजी 08 एवी 3259 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए प्रार्थी के बाइक को टक्कर मार दिया। इस हादसे में सुभाष वर्मा की मौत हो गई। वहीं प्रार्थी को चोट लगा है। मामले में पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

टायर फटने से कार दुर्घटनाग्रस्त, महिला की मौत

सिमगा-रायपुर(आरएनएस)। सिमगा थाना क्षेत्र के बनसांकरा के निकट एक तेज रफ्तार कार का टायर फटने से कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में कार में सवार एक महिला की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार घटना बिलासपुर-रायपुर नेशनल हाइवे के ग्राम बनसांकरा के पास हुआ है। मृतका का नाम सोनी कृष्णा यदु है। वह भाटापारा मंडी के पूर्व उपाध्यक्ष और वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमेश यदु की पत्नी थी। बताया जा रहा है कि, बिलासपुर-रायपुर नेशनल हाइवे के बनसांकरा के पास तेज रफ्तार कार का टायर अचानक फट गया। कार का टायर फटने से कार पूरी तरह से अनियंत्रित होकर अन्य वाहन से टकरा गई। हादसे में कार में सवार सोनी कृष्णा यदु की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। वहीं पीएम पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया है।

छत्तीसगढ़ में भारी बारिश की चेतावनी : रायगढ़, रायपुर, जशपुर, राजनांदगांव सहित 16 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी

रायपुर (आरएनएस)। रायपुर मौसम विभाग ने आज के लिए फिर से भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। गरियाबंद, कोंडागांव, बस्तर, सुकमा, दंतेवाड़ा के लिए ऑरेंज अलर्ट और प्रदेश के 16 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान गरज-चमक के साथ भारी बारिश होगी। बीते सोमवार से बुधवार तक रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, राजनांदगांव, बस्तर, सरगुजा सहित कई जिलों में तेज बारिश हुई है। बारिश के चलते कई जगहों के नदी, तालाब और नाले उफान पर है। बस्तियों में जलभराव हो गया है। कुछ जिलों में तो सडक़े पानी से डूब गई है। 13 सितम्बर को भी राजधानी में दोपहर के बाद से झमाझम बारिश हुई थी। तेलीबांधा, पचपड़ी नाका, प्रोफेसर कालोनी, गोलबाजार, घड़ी चौक के पास जलभराव हुआ था। बारिश की वजह से आज (गुरुवार) को सुबह से ही मौसम सुहावना है। करीब ढाई बजे के बाद फिर से मौसम ने करवट ली और असमान में काले बदल व गरज-चमक के साथ फिर से बारिश शुरू हो गई। मौसम विभाग की माने तो अगले 24 घंटों के दौरान मौसम ऐसे ही रहने वाला है। मौसम विभाग ने जिन 16 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है उनमें बलरामपुर, जशपुर, रायगढ़, जांजगीर-चांपा, महासमुंद, बिलासपुर,कबीरधाम, बेमेतरा, रायपुर, धमतरी, बालोद, राजनांदगांव, कांकेर, नारायणपुर, बीजापुर शामिल है। रायपुर मौसम विभाग के मुताबिक, औसत समुद्र तल पर मॉनसून ट्रफ अब जैसलमेर, शिवपुरी, रांची, दीघ से होकर दक्षिण-पूर्व की ओर बंगाल की पूर्व मध्य खाड़ी तक स्थित है। एक चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण पश्चिम उत्तर प्रदेश और आसपास के क्षेत्र पर स्थित है और औसत समुद्र तल से 7.6 किमी ऊपर तक फैला हुआ है। एक चक्रवाती परिसंचरण बंगाल की खाड़ी के मध्य भागों और निकटवर्ती उत्तरी बंगाल की खाड़ी पर स्थित है, जो ऊंचाई के साथ दक्षिण-पश्चिम की ओर झुकते हुए औसत समुद्र तल से 7.6 किमी ऊपर तक फैला हुआ है। इसके प्रभाव से उत्तर-पश्चिम और निकटवर्ती पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक कम दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है तथा अगले 24 घंटों के दौरान और अधिक चिह्नित होने तथा दक्षिण ओडिशा और उत्तरी आंध्र प्रदेश तट से होते हुए पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढऩे की संभावना है।

पूर्व-पश्चिम ट्रफ अब दक्षिण-पश्चिम उत्तर प्रदेश और उसके आसपास के क्षेत्र में चक्रवाती परिसंचरण से लेकर बंगाल की खाड़ी के मध्य भागों और उससे सटे उत्तर बंगाल की खाड़ी के दक्षिणा पूर्व उत्तर प्रदेश, झारखंड, उत्तरी ओडिशा में चक्रवाती परिसंचरण तक स्थित है और औसत समुद्र तल से 3.1 किमी ऊपर तक फैली हुई है। बता दें, आज पीएम मोदी की बड़ी सभा रायगढ़ में होनी है। पीएम की सभा में शामिल होने प्रदेश भर से लोग कार्यक्रम स्थल पहुंचे हैं। कार्यक्रम स्थल पर भीड़ भी खचाखच है। बारिश को देखते वॉटर प्रूफ पंडाल लगाए गए है।

राज्य सरकार की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को बड़ी सौगात

- आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की सेवानिवृत्ति की आयु 62 वर्ष से बढ़ाकर 65 वर्ष की गई
- कार्यकर्ता के 50 प्रतिशत रिक्त पदों पर आंगनबाड़ी सहायिकाओं की होगी भर्ती
- भर्ती के लिए सहायिकाओं के 10 वर्ष के अनुभव को कम कर 05 वर्ष किया गया
- मंत्रालय से महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आदेश जारी

रायपुर (आरएनएस)। महिलाओं तथा बच्चों के पोषण एवं टीकाकरण हेतु प्रदेश भर में संचालित 46 हजार से अधिक आंगनबाड़ी केन्द्रों में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को मानदेय वृद्धि के बाद एक और बड़ी सौगात मिली है। राज्य सरकार द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सेवानिवृत्ति की आयु 62 वर्ष से बढ़ाकर 65 वर्ष कर दिया गया है। इसके साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के रिक्त पदों पर आंगनबाड़ी सहायिकाओं से पदपूर्ति को 25 प्रतिशत को बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया गया है। साथ ही भर्ती के लिए आवश्यक 10 वर्ष के अनुभव को कम करके 05 वर्ष कर दिया गया है। इस संबंध में मंत्रालय से महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 14 सितंबर को आदेश जारी कर दिया गया है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री बघेल ने इस वर्ष प्रस्तुत 2023-24 के बजट में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की मांगों को पूरा करते हुए उनके मानदेय में बढ़ोत्तरी की घोषणा की थी। जारी आदेश के अनुपालन में 01 अप्रैल 2023 से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को बढ़ा हुआ मानदेय दिया जा रहा है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मासिक मानदेय की राशि 6 हजार 500 रूपए प्रति माह से बढ़ाकर 10 हजार रूपए दी जा रही है। इसी तरह आंगनबाड़ी सहायिकाओं का मानदेय 3 हजार 250 रूपए से बढ़ाकर 5 हजार और मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय 4 हजार 500 रूपए से बढ़ाकर 7 हजार 500 रूपए प्रति माह कर दिया गया है। प्रदेश में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की मृत्यु पर अनुग्रह राशि और सेवानिवृत्ति पर एक मुश्त भुगतान का प्रावधान किया गया है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की मृत्यु पर अनुग्रह राशि में वृद्धि करते हुए वर्तमान में 50 हजार रूपये प्रदान किया जा रहा है। इसी तरह सेवानिवृत्ति पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को 50 हजार रूपये तथा सहायिकाओं को 25 हजार रूपये भुगतान का प्रावधान है।

ईडी का रायपुर, भोपाल, मुंबई, कोलकाता में सर्चिंग अभियान में अब तक 417 करोड़ रुपए की संपत्ति हो चुकी है जब्त

रायपुर (आरएनएस)। ऑनलाइन सट्टा एप मामले में ईडी ने अपना शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। प्रवर्तन निदेशालय ने महादेव एप सट्टा के मुखिया सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल से संबंधित लोगों पर अपनी पकड़ मजबूत करना शुरू कर दिया है।

इस प्रकरण में पहले से ही पकड़े गए सीबी वर्मा उर्फ चंद्रभूषण वर्मा द्वारा ईडी को दी गई जानकारी के आधार पर रायपुर, भोपाल, मुंबई, कोलकाता में सघन सर्चिंग अभियान चलाया। इस दौरान सौरभ चंद्राकर के विवाह समारोह में फंडिंग करने वाले लोग भी अब ईडी के शिकंजे में आ गए हैं। ईडी ने अब तक 417 करोड़ रूपए की संपत्ति सीज की है, ये सभी संपत्तियां 39 अलग-अलग स्थानों से जब्त की गई है। जानकारी है कि आरोपी सौरभ चंद्राकर के विवाह में 200 करोड़ रूपए खर्च किया गया था।

मेहमानों को लाने व ले जाने के लिए निजी जेट, होटल, महंगे गिफ्ट, वेडिंग प्लान, सजावट आदि पर बड़ी रकम खर्च की गई थी। चर्चा यहां तक है कि इस विवाह समारोह में करीब 112 करोड़ रूपए हवाला के माध्यम से आया था।

भेड़वन में विकासखंड स्तरीय आयुष निशुल्क स्वास्थ्य मेला संपन्न, 523 लोगों ने कराया इलाज

सारंगढ़ बिलाईगढ़। छत्तीसगढ़ सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के आयुष अंतर्गत ग्राम पंचायत भेड़वन में निशुल्क विकासखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। यह आयोजन आयुर्वेद अधिकारी रायगढ़ डॉ मीरा भगत के कुशल मार्गदर्शन में सारंगढ़ बिलाईगढ़ के नोडल अधिकारी डॉ बेदराम पटेल और डॉ करुणा सागर पटेल के द्वारा किया गया। शिविर में 523 लोगों ने इलाज कराया। इस मेला में पैथोलॉजी की सुविधा भी थी। 143 व्यक्तियों ने होम्योपैथी चिकित्सा से इलाज कराया। शिविर में लोगों को दैनिक दिनचर्या, रहन-सहन, खानपान, ऋतुचर्या, आदि की जानकारी नोडल अधिकारी के द्वारा दिया गया। शिविर में डॉ एस बी यादव डॉ एस के पांडे डॉ रवि पाणिग्राही, डॉ आर पी सेन डॉ वसीम खान, डॉ यशवंत स्वर्णकार, फार्मासिस्ट भारत लाल बरीहा, जगदीश सिदार, उमेश चौहान, मायाराम बरीहा, सखाराम निराला, पद्मिनी पटेल, अर्जुन पटेल, श्यामराज चंद्रा का सराहनीय योगदान रहा।

कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने ली स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक

सारंगढ़-बिलाईगढ़। कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के सभी अधिकारियों एवं प्राचार्यों को बच्चों के परीक्षा परिणाम को और अधिक बेहतर करने के लिए उन्हें पढ़ाई को प्रोत्साहित करने को कहा। उन्होंने जिन स्कूलों में संबंधित विषय के शिक्षकों की कमी है, उस कमी को पूरा करने के लिए नजदीकी स्कूल, जहाँ उस विषय के शिक्षक उपलब्ध हैं उनके माध्यम से एक्स्ट्रा क्लास देने की बात कही। कलेक्टर ने कहा कि टेस्ट पेपर की जांच नियमित रूप से होना सुनिश्चित करें एवं विद्यालयों में शिक्षकों के उपस्थित पत्रक में सबकी उपस्थिति हो, साथ ही शिक्षकों की उपस्थिति को लेकर गूगल फार्म में एंट्री करने के सुझाव दिए। कलेक्टर ने कहा कि विद्यालयों में जिस भी प्रकाशन से बच्चों की पढ़ाई करवाई जा रही है, उसमें नियमित रूप से लेखन का अभ्यास करवाएं। डॉ सिद्दीकी ने कहा कि बच्चों को अन्य स्कूली क्रियाकलापों एवं गतिविधियों के माध्यम से उन्हें पुरस्कृत कर प्रोत्साहित करने को कहा ताकि वे और बेहतर कर सकें। कलेक्टर ने कहा कि अगर किसी विद्यालय में शिक्षक उपस्थित नहीं है, ऐसी स्थिति में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में कलेक्टर ने जिले के हाईस्कूल और हायर सेकण्डरी स्कूलों में कक्षा नवमीं से 12वीं तक अध्ययनरत बच्चों में शिक्षा स्तर की परख करने के लिए अधिकारियों को मॉनीटरिंग करने, यह भी सुनिश्चित करने की समय पर कक्षाएं लगाई जा रही हैं या नहीं, नियमित रूप से आंतरिक मूल्यांकन किया जा रहा अथवा नहीं, आदि की रैण्डम परीक्षण करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही योग्य एवं प्रतिभाशाली छात्रों को चिन्हांकित कर उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं के काबिल बनाने आवश्यक मार्गदर्शन देने के लिए भी कहा। उक्त बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी डेजी रानी जांगड़े सहित जिले के प्राचार्यगण उपस्थित थे।

गौठान घोटाला करने वाली सरकार उखाड़ फेंकें- नड्डा

- जशपुर की सभा में गरजे भाजपा अध्यक्ष

जशपुर/रायपुर (आरएनएस)। । भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आज भाजपा की परिवर्तन यात्रा के दूसरे चरण की शुरुआत करते हुए राज्य की कांग्रेस सरकार पर प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को आवास से वंचित रखे जाने का आरोप लगाते हुए हमला बोला। उन्होंने महिलाओं को देश भर में पक्के शौचालय दिलाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की। उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल की भ्रष्टाचारी सरकार को उखाड़ फेंकें और कमल खिला दें। इससे दिलीप सिंह जूदेव की आत्मा को प्रसन्नता होगी। उन्होंने सभा में उमड़े लोगों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि आपने इतनी बारिश, खराब मौसम के बावजूद इतनी बड़ी संख्या में उपस्थिति दर्ज कराई, यह बताता है कि आपने परिवर्तन का संकल्प ले लिया है।

भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने छत्तीसगढ़ सरकार पर घोटाले के आरोपों की परीक्षा बौछार करते हुए कहा कि जिसने गौ माता तक को नहीं बख्शा, गोठान घोटाला कर दिया, शराब घोटाला कर दिया, डीएमएफ घोटाला कर दिया, भर्ती घोटाला कर दिया, परीक्षा घोटाला कर दिया, अन्न घोटाला कर दिया, कोल परिवहन घोटाला कर दिया, ऐसा कोई घोटाला नहीं बचा जिसे भूपेश बघेल सरकार ने न किया हो। ऐसी सरकार को उखाड़ फेंकना बहुत जरूरी है।

सभा को संबोधित करते हुए भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धर्मलाल कौशिक ने कांग्रेस सरकार निशाना बनाते हुए कहा कि अब समय को उंगली में गिनने का क्षण आ गया है। नौकरी, बेरोजगारी भत्ता, शराब बंदी का वादा क्या वोट और घोषणा पत्र तक ही था। उन्होंने करप्शन और कमीशन की सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया। पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने सभा में मोदी सरकार की योजनाओं को याद दिलाते हुए कोरोना काल में वैक्सीन सहित आवास योजना व नल जल उज्जवला योजना की याद दिलाई।

विद्यार्थियों में होनी चाहिए नवाचार, रचनात्मकता और आजीवन सीखने की भावना- राज्यपाल

- आई.टी.एम विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल हुए राज्यपाल
- 3 मानद उपाधि, 13 गोल्ड मेडल सहित 377 उपाधियां वितरित

रायपुर (आरएनएस)। शिक्षा एक आजीवन यात्रा है और सीखने की प्रक्रिया कभी नहीं रुकनी चाहिए। विद्यार्थियों में नवाचार, रचनात्मकता और आजीवन सीखने की भावना होनी चाहिए। विद्यार्थी अपने कौशल को लगातार बढ़ाने, अपने क्षितिज को व्यापक बनाने और अपने संबंधित क्षेत्रों में नवीनतम प्रगति से अवगत रहने के अवसरों की तलाश करें। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने आज आई.टी.एम. विश्वविद्यालय रायपुर के दीक्षांत समारोह में यह उद्गार व्यक्त किए।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित आई.टी.एम. विश्वविद्यालय के आठवें दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को 13 गोल्ड मेडल सहित 377 उपाधियां वितरित की गई। केन्द्रीय भंडार के सीईओ और एमडी मुकेश कुमार, आई.टी.एम के प्रोफेसर आर.एस.एस मनी और कर्नाटक संगीत विशेषज्ञ जी. शारदा सुब्रमण्यम को विश्वविद्यालय की मानद उपाधि प्रदान की गई। कार्यक्रम में राज्यपाल हरिचंदन बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि यह दीक्षांत समारोह न केवल विद्यार्थियों की सफलता का उत्सव है, बल्कि प्रत्येक के अंदर मौजूद अपार संभावनाओं का भी परिचायक है। शिक्षा सदैव सामाजिक प्रगति के लिए प्रेरक शक्ति रही है। इसमे बाधाओं को तोडऩे, मानदंडों को चुनौती देने और अवसर पैदा करने की शक्ति है। विश्वविद्यालय की शिक्षा यात्रा आपके भविष्य को आकार देगा, आपके द्वारा अर्जित ज्ञान का उपयोग राष्ट्र निर्माण के लिए होगा। हरिचंदन ने कहा कि हम एक तेज और गतिशील दुनिया में रह रहे हैं, जहां तकनीकी प्रगति और वैश्वीकरण, उद्योगों और व्यवसायों को नया आकार दे रहा है। अपने चुने हुए क्षेत्रों में प्रासंगिक बने रहने और आगे बढऩे के लिए इन परिवर्तनों को अपनाना आवश्यक है। राज्यपाल ने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि अपनी शिक्षा और ज्ञान का उपयोग व्यक्तिगत विकास के साथ-साथ अपने आस-पास के लोगों के उत्थान के लिए भी करें। जिम्मेदार नागरिक बनें और हमारे महान राष्ट्र के विकास में सक्रिय रूप से योगदान दें। राज्यपाल हरिचंदन ने विद्यार्थियों से कहा कि वे देश के गर्व को न भूलें। हमारा देश आज विश्व की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था है और प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। बहादुर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और वीरों जिन्होंने देश के लिए अपना जीवन बलिदान दिया है ,उनके सम्मान में मोदी जी की पहल पर मेरा माटी मेरा देश अभियान चलाया गया। हाल ही में भारत में जी-20 देशों के सम्मेलन के सफल आयोजन ने दुनिया में भारत की साख बढ़ाई। समारोह में दीक्षांत भाषण भाभा परमाणु रिसर्च इंस्टीट्यूट अंतर्गत स्कूल ऑफ एडवांस स्टडीज इन न्यूक्लियर एण्ड टेक्नोलॉजी के चेयरमेन (मानद) एवं पद्मविभूषण से सम्मानित डॉ. आर. चिदम्बरम ने दिया। कार्यक्रम में अध्यक्षीय उद्बोधन आई.टी.एम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रोफेसर डॉ. पी. वी. रमन्ना ने किया। कुलपति डॉ. सुमेन सिंह ने स्वागत उद्बोधन दिया।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ताकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं तकनीकि टीमें के कार्यकलापों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में जानकारी किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् उच्च पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा तकनीकि शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

समी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU